रणजीत टाइम्स
इंदौर
शनिवार, 2 अगस्त, 2025
वर्ष 01 | अंक 194 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# राजनीतिक नियुक्ति के लिए दावेदारों ने बढ़ाई सक्रियता

भोपाल । मंत्रिमंडल विस्तार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही अन्य केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की। इस मेल मुलाकात के बाद मप्र में मंत्रिमंडल विस्तार की संभावना बढ़ गई। इससे पहले मुख्यमंत्री, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और संगठन महामंत्री हितानंद की दिल्ली यात्रा ने प्रदेश के निगम मंडल, प्राधिकरण और आयोगों के दावेदारों की सक्रियता बढ़ा दी है। वहीं प्रदेश कार्यकारिणी में पदाधिकारी बनने की आस पाले नेताओं की भी बैचेनी बढ़ गई है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि इस महीने के अंत तक प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार के साथ ही निगम-मंडलों में नियुक्ति हो सकती है।

प्रदेश में मोहन यादव सरकार को डेढ़ वर्ष से अधिक का समय होने जा रहा है, लेकिन राजनीतिक नियुक्तियां नहीं हुई हैं। उधर, मंत्रिमंडल विस्तार का भी नेताओं को इंतजार है। पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, भूपेंद्र सिंह, जयंत मलैया, हरिशंकर खटीक, ब्रजेंद्र प्रताप सिंह को अपना नंबर आने की संभावना दिख रही है। इसमें क्षेत्रीय संतुलन साधने के हिसाब कुछ पूर्व मंत्रियों को फिर मौका दिया जा सकता है। उनके अलावा कांग्रेस से भाजपा में आए छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा सीट से



विधायक कमलेश शाह भी प्रतीक्षारत हैं। रामनिवास रावत के मंत्रिमंडल से त्याग पत्र देने के बाद मोहन कैबिनेट में मुख्यमंत्री सहित 31 मंत्री हैं। नियम के अनुसार 35 मंत्री हो सकते हैं।

## कुछ मंत्रियों की पद से हो सकती है छुट्टी

मंत्री बनने के लिए पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह, ब्रजेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य पूर्व मंत्री सत्ता और संगठन में अपने संपर्कों के माध्यम से प्रयासरत भी हैं। संभावना जताई जा रही है कि रिक्त स्थानों की पूर्ति हो सकती है। कुछ मंत्रियों को खराब प्रदर्शन के आधार पर विश्राम भी दिया जा सकता है। उधर, राजनीतिक नियुक्तियां भी अब की जाएंगी। इसको लेकर संगठन स्तर पर कई बार चर्चा भी हो चुकी है। इसमें कुछ पूर्व विधायकों को समायोजित भी किया जाएगा। अभी इनके पास कोई काम नहीं है। अस संदर्भ में दिल्ली के मध्यप्रदेश भवन में मध्यप्रदेश भाजपा संसदीय दल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री डाक्टर मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमत खंडेलवाल, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश समेत प्रदेश से जुड़े केन्द्रीय मंत्रियों और सांसदों ने हिस्सा लिया।

# जिहादियों के खिलाफ दलितों ने किया आंदोलन

## देवास कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया, पलायन को मजबूर दलितों ने उठाई न्याय की मांग

**आदित्य शर्मा- 8224951278**

देवास जिले के ग्राम पंथमुंडला में दलित समाज पर हो रहे अत्याचार और शासकीय भूमि जैसे शमशान, चारागाह एवं पेयजल स्रोतों पर कथित तौर पर कट्टरपंथी मुस्लिम तत्वों द्वारा किए गए अतिक्रमण के विरोध में आज देवास में बड़ा प्रदर्शन हुआ। इस आंदोलन का नेतृत्व दलित नेता और अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मनोज परमार ने किया। शिवाजी वाटिका से कलेक्टर कार्यालय तक पैदल मार्च निकालते हुए सैकड़ों की संख्या में एकत्रित दलित समाज के लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और अपने अधिकारों की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।



कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने कलेक्टर श्री ऋतुराज सिंह को ज्ञापन सौंपा जिसमें गांव में दलित समाज को हो रही गंभीर समस्याओं को विस्तार से बताया गया। ज्ञापन में मांग की गई कि शासकीय भूमि पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए और दलित समाज को शासन की योजनाओं का समुचित लाभ दिलाया जाए। गांव में लगभग 35 दलित (रविदास समाज) के परिवार पूर्वजों के समय से निवासरत हैं जबकि मुस्लिम समुदाय के 300 से अधिक परिवार वहां रहते हैं। वर्तमान में ग्राम पंचायत का सरपंच और सचिव दोनों मुस्लिम समुदाय से हैं। आरोप है कि दलितों की शिकायतों को नजरअंदाज किया जाता है और उन्हें पेयजल, बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित रखा गया है। स्थिति इतनी भयावह है कि कई दलित परिवारों ने अपने घरों के बाहर "यह मकान बिकाऊ है" के पर्चे तक चिपका दिए हैं। अपनी व्यथा सुनाते हुए कई पीड़ित कलेक्टर के समक्ष भावुक हो उठे।

कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शमशान, चारागाह और पेयजल स्रोतों से अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पीड़ित परिवारों को दिलाने हेतु जल्द उचित कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन में भाग लेने वाले प्रमुख कार्यकर्ताओं में शामिल थे दिनेश कुलपारे पवन भावसार दिनेश हिरवे लखन देपाले अमरीश बिजौलिया संदीप सुनहेल प्रदीप मालवीय विकास पटेल आशुतोष गिरनार राज परमार योगेश चौहान विशाल सारवान रितेश परमार राजेश मेहरा पायल विश्वकर्मा अवनि सिरसात ऋषिता गुर्जर नर्मदा गुर्जर विमला भंडारी गणेश मराठा रिक्कू सोनी शुभम कोगे संदीप रायकवार विपिन बाली जितेंद्र मालवीय शैलेन्द्र सुनेल लक्की चौहान विजय कटेसरिया श्रवण सिंह नितिन मालवीय सूर्या मालवीय रवि मालवीय संदीप परिहार मारुति मगर्दे रोहित चौहान महेंद्र सुनेल आदि। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। चक्काजाम और भूख हड़ताल जैसे कदम भी उठाए जाएंगे। जब तक पीड़ितों को न्याय नहीं मिलेगा तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा।

## श्री नागेश्वर यात्रा महोत्सव के अवसर पर सालाबाद जामखेड जिला स्वर्गीय विष्णु उस्ताद (बाबा) काशीद की याद में अहिल्यानगर में महाराष्ट्र वासियों की भारी भीड़....





**इस बार असली मिट्टी की कुश्ती का आनंद अनुभव करने को मिला। कुश्ती प्रतियोगिता एक उल्लेखनीय खेल है जो हमारी ग्रामीण संस्कृति, अनुशासन, कड़ी मेहनत और परंपरा का दृष्टिकोण प्रदान करता है।**

इस कुश्ती के मैदान में ताकत, सहनशक्ति और खिलाड़ी भावना के संयोजन को देखकर अपने पारंपरिक खेलों की असली ताकत महसूस हुई। अगर आज की पीढ़ी इस परंपरा की धरोहर को बरकरार रखे तो कुश्ती जैसे ग्रामीण खेलों को एक नई पहचान मिलेगी इसमें कोई संदेह नहीं है। इस अवसर पर महाराष्ट्र विधानसभा परिषद के माननीय अध्यक्ष। श्री राम जी शिंदे सर पी ए इंदौर पधारे हुए अखिल भारतीय मराठा महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री नितिनदास जी महाराज। श्री दिलीप दादा जगताप, ह बी. पी. श्री महादेवानंद भारती महाराज, श्री जयदत्त धस जी, स्थानीय राजनीतिक पदाधिकारी, कार्यकर्ता, पहलवान व पहलवान भारी संख्या में उपस्थित रहे। यह कुश्ती प्रतियोगिता का 23वां वर्ष है, यह टूर्नामेंट सफल रहा। प्रिंस काशीद और लेट। विष्णु उस्ताद काशीद प्रतिष्ठान के अध्यक्ष श्री अजय दादा काशीद के मार्गदर्शन में फाउंडेशन के सभी पदाधिकारी, सदस्य। इन सभी को हार्दिक बधाई एवं सभी पहलवान खिलाड़ियों को अगली सफलता के लिए शुभकामनाएं..!

### रतलाम ब्रेकिंग




DSP रामबाबू पाठक ने डिप्रेशन की गोली खाकर किया आत्महत्या का प्रयास, गंभीर हालात में हॉस्पिटल में भर्ती| परिजनों ने सीनियर अधिकारियों पर लगाए प्रताड़ना के आरोप।

## भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) ने आज से UPI के नए नियम लागू कर दिए हैं।

नए नियमों के अंतर्गत प्रत्येक लेनदेन से पहले प्राप्तकर्ता का नाम प्रेषक को दिखाया जाएगा। प्रत्येक यूपीआई ऐप उपयोगकर्ताओं को दिन में 50 बार अपना बैंक बैलेंस चेक करने की सुविधा देगा।

हर सफल यूपीआई लेनदेन के बाद, खाते का उपलब्ध बैलेंस स्वचालित रूप से प्रदर्शित होगा। इससे यूजर्स को बार-बार मैन्युअल रूप से बैलेंस चेक करने की जरूरत कम होगी। ऑटोपे या शेड्यूल्ड बिल भुगतान (जैसे OTT सब्सक्रिप्शन, बिजली बिल, EMI आदि) अब केवल नॉन-पीक घंटों में प्रोसेस होंगे, यानी सुबह 10 बजे से पहले या रात 9:30 बजे के बाद। इससे पीक आवर्स में सिस्टम पर लोड कम होगा। यूजर्स एक दिन में अधिकतम 25 बार अपने लिंक्ड बैंक खातों की जानकारी (List Accounts API) प्राप्त कर सकते हैं। यह सीमा सिस्टम को ओवरलोड होने से बचाने के लिए है। लेनदेन की स्थिति (ट्रांजेक्शन स्टेटस) चेक करने के लिए पहली कोशिश से पहले 90 सेकंड का न्यूनतम इंतजार करना होगा। यह सिस्टम की दक्षता बढ़ाने और ट्रैफिक ओवरलोड को कम करने के लिए है। सभी बैंकों और पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर्स को हर साल साइबरसिक्योरिटी ऑडिट करवाना होगा और NPCI को अनुपालन का दस्तावेज जमा करना होगा। गैर-अनुपालन पर API एक्सेस प्रतिबंध या अन्य दंड हो सकते हैं।

## औद्योगिक संरचना के रोडमैप के साथ मध्यप्रदेश सांस्कृतिक धरोहर संरक्षण और संवर्धन का रोडमैप भी विकसित करना ज़रूरी है - डॉ. भरत शर्मा




पीथमपुर औद्योगिक संगठन के अध्यक्ष डॉ गौतम कोठारी के साथ हुई एक संगोष्ठी में उक्त विचार संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार सदस्य- डॉ भरत शर्मा में उक्त विचार व्यक्त किए। आपने कहा की मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि बहुत महत्वपूर्ण है और ऐतिहासिक, धार्मिक, साहित्यिक, संगीत एवं कला की दृष्टि से मध्यप्रदेश अत्यंत समृद्ध राज्य है। चन्देल, परमार, होल्कर, गोंड, मराठा आदि राजवंशों के शासन काल और भोजपुर, मांडू जैसे ऐतिहासिक स्थलों से समृद्ध खजुराहो के मंदिर एक विश्व धरोहर स्थल जहाँ की अद्भुत शिल्पकला, सांची स्तूप एक प्रमाण है बौद्ध धर्म की समृद्ध विरासत का , भीमबेटका की गुफाएँ हमारी प्रागैतिहासिक चित्रकला के प्रमाण है। प्रादेशिक लोकनृत्य मथिया, लीलाश्री, गढ़ा, रायनृत्य, भगोरिया आदि हो या आल्हा, फाग, निर्गुण, पंडवानी जैसे लोकगीत हमारे प्रदेश की एकांतिक संस्कृति रही है जिनका संवर्धन और संरक्षण हेतु एक रोडमैप बनाये जाना चाहिए ।मुख्यमंत्री मोहन यादव के मार्गदर्शन में सिंहस्थ कुंभ मेला (उज्जैन), भगोरिया मेला (आदिवासी पर्व), खजुराहो नृत्य महोत्सव, ग्वालियर संगीत समारोह, पुण्यश्लोका देवी अहिल्या जन्मोत्सव पर संस्कृति मंत्रालय के विशेष भागीदारी सराहनीय कदम है। ज्ञातव्य हो कि वर्तमान में "राम वनगमन पथ" को पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत के रूप में विकसित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा चित्रकूट से अमरकंटक तक के पथ को चिह्नित किया जा रहा है। डॉ गौतम कोठारी जी ने डॉ भरत शर्मा का सम्मान स्वयंरचित पुस्तकें भेट स्मृतिचिह्न के रूप में भेट कर किया । उक्त अवसर पर उद्योगपति राकेश खंडेलवाल, सुनील पटेल, अधिवक्ता अभिषेक गुप्ता, अनंत कोठारी सहित शहर के गणमान्य उद्योगपति और वरिष्ठजन उपस्थित रहें ।

रणजीत टाइम्स



# पार्थ ने नगर का गौरव बढ़ाया

संजय प्रेम जोशी

हाटपीपल्या। सीबीएसई नॉर्थ जॉन कंपाउंड तीरंदाजी प्रतियोगिता में अंडर 19 कैटेगरी में तुलाज. इन्टर नेशनल स्कूल द मॉडर्न गुरुकुल देहरादून के 12 वी के,छात्र मास्टर पार्थ टोंग्या ने स्वर्ण पर निशाना साधा। 31 july 2025 को यह प्रतियोगिता मेरठ के सत्यकॉम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हुई। एवं आगामी होने वाली राष्ट्रीय तीरंदाजी सीबीएसई प्रतियोगिता में पार्थ अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करेगे। मध्यप्रदेश के देवास जिले के छोटे से कस्बे हाटपिपलिया के पार्थ ने । अपनी मेहनत,लगन, अपने कोच श्री सचिन वेदवान के कुशल मार्गदर्शन में यह मुकाम हासिल किया। हाटपिपलिया नगर के व्यवसायी पवन टोंग्या के पौत्र, आनंद टोंग्या के पुत्र मास्टर पार्थ टोंग्या की कड़ी लगन और मेहनत ने परिवार ,समाज, नगर ही नहीं अपितु पूरे देश को गौरवान्वित किया है।पार्थ को बधाई देने के राजेंद्र बज जन परिषद चैप्टर हाटपीपल्या के अध्यक्ष संजय प्रेम जोशी संतोष वर्मा अनिल लाड़ अनिल धोसरिया पंकज पाठक राकेश पुनयासी शामिल थे।



# सहकारी संस्था कर्मचारी संघ की लंबित मांगों एवं लूज बारदान जमा करवाने हेतु आवेदन दिया

हाटपिपल्या। सहकारी संस्था कर्मचारी संघ की लंबीत मांग एवं लूज वरदान जमा करवाने की मांग को लेकर मध्य प्रदेश सहकारी संस्थाऐं कर्मचारी महासंघ के बेनर तले जिला कलेक्टर के नाम तहसीलदार सोनम भगत को आवेदन दिया साथ ही प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम देवास, प्रबंधक मध्य प्रदेश वेयर हाउस लाजिस्टिक कार्पोरेशन देवास, तहसील कार्यालय, एवं थाना प्रभारी हाटपिपल्या को आवेदन देकर अवगत कराया कि पूर्व में सहकारी संस्था के कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर आवेदन दिया गया है जिसका शीघ्र निराकरण किया जाएं। साथ ही जिला स्तर पर गेहूं उपार्जन पर कार्य कर रही बहुउद्देशीय सहकारी संस्थाओं में खरीदी के उपरांत जो लूज वरदान शेष बचते हैं जो की अधिकतर अनुपयोगी होते हैं उनको जमा करवाने हेतु मध्यप्रदेश स्टेट सिविल कॉरपोरेशन वेयर हाउस पर जमा करने हेतु भेजे जा रहे हैं जिनको वेयर हाऊस प्रबंधक के द्वारा लेने से मना किया जा रहा है जब कि जो बारदान लूज के निकलते हैं जिसमें कटे फटे एवं अनुपयोग बारदान भी होते हैं, जो पैक गठानों में से निकलते हैं जिसके खरीदी केंद्रों के पास पंचनामे फोटो विडियो उपलब्ध रहते हैं एवं संबंधित विभाग द्वारा खरीदी केंद्रों पर पुराने अनुपयोगी जो कि पुर्व मैं केंद्रों से जमा करवाए गए ऐसे सभी केंद्रों पर बारदान भेजें गये इस स्थिति में केंद्रो पर लुज बारदानों की सख्या बढ़ती जा रही है और इन्हीं बारदानो को संबंधित केंद्र का कार्य कर रही बहुउद्देशीय संस्थाओं को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है ऐमें में संस्थाओं को खरीदी करने का कोई औचित्य नहीं रह जाता है और पूर्व में जो टेंडर नागरिक आपूर्ति द्वारा बारदान डालने के एवं खरीदी के बाद केंद्रो से वापस उठने के टेंडर किए जाते थे अभी 2 वर्षों से खरीदी के बाद केंद्र प्रभारियो को किराए के वाहन से हम्माली भिजवाने पड रहे हैं जिसका भुगतान खरीदीं प्रभारियो को अपनी स्वयं के पास से देना पड़ता है साथ ही जिले से कई केंद्रों से गाड़ी भर कर भेजी गई जिनको लूज बारदान लेने से मना करने पर नुकसान उठाना पड़ा। खरीदी संबंधित नियम



व शर्तों का अनुबंध होता है जिसको खरीदी के पूर्व करवाना होता है उसे नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा खरीदी के पश्चात करवाया जाता है और साथ ही उक्त विभाग द्वारा जिस पत्र का हवाला देकर बारदान की नियमावली बताई जा रही है वह पत्र खरीदीं के 21 दिन बाद संबंधित विभाग से निकाला गया। कुछ केद्र के द्वारा दिनांक 31 जुलाई 2025 को हाटपिपल्या वेयर हाऊस पर भिजवाए गए परंतु लुज बारदानों को सिविल कार्पोरेशन हाटपिपल्या शाखा प्रबंधक द्वारा जमा करने से मना कर दिया गया वह लुज बारदानो के बंडल वेयर हाउस परिसर में रखे हैं और उनको वापस ले जाने का खर्चा वहन करने की क्षमता केंद्र प्रभारीयो में नहीं है। मध्य प्रदेश सहकारी संस्थाएं कर्मचारी महासंघ द्वारा आवेदन देकर अवगत कराया है कि लंबित मांगों के साथ ही लूज बारदान जमा किया जाए एवं आने जाने का खर्चा दिया जाए जिसको अवगत कराते हुए आवेदन दिया गया है अपनी मांगों का निराकरण होने तक दिनांक 2 अगस्त 2025 समय 11:00 से सिविल कार्पोरेशन एवं नागरिक आपूर्ति के कार्यालय पर अनिश्चित धरना दिया जाएगा ऐसी स्थिति में संस्था के कार्य प्रभावित होंगे उसकी पुर्ण जवाबदेही शासन प्रशासन की रहेगी। आवेदन का वाचन जिला अध्यक्ष जवाल सिंह सेंधव ने किया इस अवसर पर हाटपिपल्या मार्केटिंग सोसायटी, उन्नत सोसाइटी, अरलावदा सोसाइटी देवगढ़ सोसाइटी अमला ताज सोसाइटी आदि संस्थाओ के कर्मचारी मौजूद थे।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे बड़े भ्राता श्री शैलेन्द्र पिता श्री छोटेलाल जी गौर दिनांक सोमवार 28.7.2025 सुबह से मेरे इंदौर स्थित निवास 456 A मानवता नगर, कनाड़िया रोड से बगैर बताये कहीं चले गए है व् आज दिनांक31.7.2025 तक उनकी कोई सुचना प्राप्त नही हुई है व उनके मोबाइल न. भी बंद आ रहे है, कृपया जिन्हे भी तत संबंधी सुचना या पता प्राप्त होता है निम्नलिखित मोबाइल नंबरो पर सुचना देने की कृपा करें मोबाइल नंबर-9977919833 व 9111701115



# विधानसभा का घेराव व प्रदर्शन

समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष बंटेश्वर नाथ सिंह व शहर अध्यक्ष राजेंद्र यादव के नेतृत्व में भोपाल विधानसभा का घेराव व प्रदर्शन किया गया इंदौर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष बंटेश्वर नाथ सिंह वह शहर अध्यक्ष राजेंद्र यादव के नेतृत्व में आज भोपाल विधानसभा का घेराव कर भारी प्रदर्शन किया गया जिला अध्यक्ष बटेश्वर नाथ सिंह वह शहर अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने



बताया कि आज भोपाल विधानसभा में जनता के हित में हमने यह प्रदर्शन किया है देश में आज बढ़ती महंगाई बेरोजगारी भ्रष्टाचारी को लेकर जनता परेशानी में है इसी मुद्दों को लेकर आज हमने यहां जनता के हित मैं यह प्रदर्शन किया है प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष बटेश्वर नाथ सिंह शहर अध्यक्ष राजेंद्र यादव मोहम्मद अली सिद्दीकी डीएस मिश्रा मनोज लक्ष्मी नामदेव शांति मौर्य लाल यादव अमन यादव चंदन सिंह मकवाना रामस्वरूप मंत्री आदि कार्यकर्ता द्वारा भोपाल विधानसभा का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया गया।

# पुलिस लाईन में किया गया जनरल परेड का आयोजन

**वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन मे आयोजित की गई जनरल परेड**

### अच्छे टर्न आउट वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहन हेतु किया पुरस्कृत

**रणजीत टाइम्स**

## खरगोन पुलिस विभाग में अनुशासन बनाये रखने के लिये नियमित परेड का महत्वपूर्ण योगदान है



पुलिस फोर्स में परेड को अनुशासन की जड़ माना जाता है, परेड होने से पुलिस फोर्स में अनुशासन के साथ ही एक साथ टीम के रूप में कार्य करने की क्षमता बढ़ती है। इसी तरताम्य में शुक्रवार को पुलिस लाइन खरगोन मे जनरल परेड का आयोजन किया गया। जनरल परेड के पुलिस बल को तड़के सुबह 06 बजे पुलिस लाईन खरगोन मे परेड ग्राउन्ड मे फालइन किया गया। जनरल परेड मे एएसपी ग्रामीण श्रीमति शकुन्तला रुहल जिले के 03 एसडीओपी/डीएसपी, समस्त चौकी एवं थाना प्रभारी एवं पुलिस लाइन व पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लगभग 128 पुलिसकर्मी मौजूद रहे। फालइन के पश्चयात परेड कमांडर आरआई सौरभ सिंह कुशवाह के द्वारा पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना को परेड की सलामी दी एवं परेड के निरीक्षण के लिए आमंत्रित किया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना के द्वारा पुलिसकर्मियों के टर्नआउट को चेक किया गया व अच्छे टर्न आउट वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहन हेतु पुरस्कृत भी किया गया। इसके पश्चयात पुलिस विभाग के वाहनों के रख रखाव परखा गया एवं वाहनों को दुरूस्त रखने और आवश्यक सुरक्षा उपकरण हमेशा वाहनों में रखे जाने के निर्देश दिये गये व उसमे आपात स्थिति से निपटने के लिए रखी बलवा ड्रिल सामग्री का भी निरीक्षण किया गया। पुलिसकर्मियों द्वारा की गई परेड मार्चपास्ट की कार्यवाही के बाद पुलिस अधीक्षक के द्वारा परेड मे उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों को परेड ग्राउन्ड मोटिवेशनल स्पीच दी गई एवं आगामी त्योहारों पर अलर्ट रहने के दिए दिशानिर्देश दिए गये।



पुलिस अधीक्षक

# खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा राणापुर में होटलों की जांच




**रणजीत टाइम्स**

राणापुर। कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशों के परिपालन में 01 अगस्त 2025 को खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा राणापुर नगर की होटलों की जांच कर कार्यवाही की गई है। जिसमें मुख्य रूप से बस द्वारकाधीश स्वीट्स से पेड़ा, राजस्थान स्वीट्स बस स्टैंड से सोन पपड़ी, श्री सागर स्वीट्स से मिठाई एवं शनिदीप रेस्टोरेंट से रसगुल्ला के नमूने लिए गए है। जांच में लिए गए नमूनों को भोपाल स्थित परीक्षण प्रयोगशाला में जाँच हेतु भेजा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री वेलसिंह मोरी द्वारा बताया गया कि कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में आज नगर में औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। जिसमें आगामी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न होटल एवं मिठाई दुकानों की जांच की गई है। यह अभियान लगातार रक्षाबंधन तक जारी रहेगा।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पेटलावद द्वारा किसानो की समस्या को लेकर जिला कांग्रेस के नेतृत्व में ज्ञापन सोपा

**रणजीत टाइम्स**

झाबुआ। वर्तमान में मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार से आम जनता और किसान त्रस्त हैं जिसमें मुख्य रूप से गरीब वर्ग एवं किसान को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है किसने की समस्या को लेकर जिला कांग्रेस के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पेटलावद द्वारा राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन अनु विभागीय अधिकारी राजस्व को रैली निकाल कर सोपा।

उक्त रैली का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका ओर पूर्व विधायक वालसिंह मैडा द्वारा किया गया। प्रकाश रांका ने जानकारी देते हुए बताया कि एक और सरकार कहती है कि किसानों की आय दोगुनी कर देंगे लेकिन आज के समय किस सबसे ज्यादा परेशान है वर्तमान में एक और जहां किसान अनियमित वर्षा से परेशान है वहीं वर्तमान में किसानों को सोयाबीन व मक्का की फसल हुई है उसे तो खाद प्राप्त नहीं हो रहा है जिला प्रशासन को किसानों को पर्याप्त मात्रा में सहकारी संस्थाओं के माध्यम से खाद उपलब्ध कराया जाना चाहिए जो वह नही कर पा रही है पूरे जिले में खाद कमी का असर दिखाई दे रहा है किसान रात भर लाइन में लगकर खाद प्राप्त करने की जरूरत लग रहा है किसानों को आधार कार्ड के मात्र दो व्यक्ति खाद दिया जा रहा है कांग्रेस ने मांग की है प्रति बीघा दो बैग खाद के दिए जाएं सभी बिक्री केन्द्र पर किसानों को पर्याप्त सुविधा पीने का पानी छांव आदि की व्यवस्था हो जिला कांग्रेस द्वारा यह भी मांग की गई है कि नगद बिक्री केंद्र खाद प्राप्त हो रही है वितरण केन्द्र संख्या बढ़ाई जावे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकां द्वारा यह भी कहा गया कि जब जिला प्रशासन को मालूम है की संपूर्ण जिले में कितने हेक्टेयर में कितनी फसल बोई जा रही है उसे हिसाब से पूर्व तैयारी से खाद का भंडारण किया जाना चाहिए जिससे किसानों को समय पर खाद मिल सके इस अवसर पर आधार कार्ड के सेंटरों की संख्या बढ़ाई जाने की मांग की गई। रैली रैली को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक वाल सिंह मैडा ने कहा कि पेटलावद क्षेत्र का किसान उन्नत किसान है वह सभी फसलों की खेती करता है लेकिन वर्तमान में सरकार की गलत नीतियों के कारण उसका खामियांजा किसान भगत रहा है अनेक किसानों को सरकारी संस्था से डिफाल्टर घोषित कर दिया है उन्हें नगद खाद लेना पड़ रही है किसान नगद खाद लेने को भी तैयार है किंतु खाद नहीं मिल रही है केंद्र भी काम रखे गए हैं लंबी-लंबी लाइन लग रही है मेडा द्वारा खाद बिक्री केंद्र बढ़ाए जाने की मांग की है। पूर्व विधायक द्वारा आधार कार्ड सेंटर हर कलस्टर ग्राम में खुलने की मांग की गई जिससे ग्रामीणों को परेशानी का हाल हो सके इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष ठाकुर चंद्रवीर सिंह राठौर सांरगी ने भी संबोधित किया तथा उनके द्वारा बताया गया कि कृषि विभाग द्वारा सर्वे में टमाटर और मिर्च की खेती का रकबा कम बताया जा रहा है जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है जबकि पेटलावद में सबसे ज्यादा मिर्ची और टमाटर की खेती की जाती है सर्वे में रकबा बढ़ाने की भी मांग की गई है।

कार्यक्रम का संचालन व ज्ञापन का वाचन जिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष सलीम शेख बामनिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर ठाकुर हनुमंतसिंह डाबड़ी ब्लॉक अध्यक्ष गाना जितेंद्र पाटीदार पेटलावद मुन्नालाल सारंगी दीपक चरण झकनावदा पेटलावद जिला पंचायत सदस्य विक्रम मैडा एवं ठाकुर अजय पाल सिंह बर्वेट, अनिल त्रिवेदी



सुखराम नईम शेख मनालाल हामड भारत मुलेवा जावेद लोधी हेमराज सहित अनेक कांग्रेस के सरपंच गण एवं जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 22 वर्ष देश सेवा कर घर लौटे फौजी का हुआ भव्य स्वागत दर्जन भर मंचों से हुआ स्वागत सत्कार

**रणजीत टाइम्स**



मक्सी/शुक्रवार 1 अगस्त को फौजी हवलदार वीरेंद्र पिता चिंतामन मंडलोई को भारतीय सेना महार रेजिमेंट में 22 वर्ष देश सेवा मे पूर्ण होने पर घर वापसी पर नगर में भव्य स्वागत किया गया सर्वप्रथम मकसी रेस्ट हाउस पर एकत्रित वरिष्ठ जनों एवं सामाजिकजनों ने भाई वीरेंद्र मंडलोई का पुष्प माला एवं साफा बांध स्वागत सत्कार किया तत्पश्चात मकसी रेस्ट हाउस से एक भव्य चल समारोह निकाला गया जो नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ उनके निवास स्थान पर पहुंचा चल समारोह का जगह-जगह भव्य स्वागत सत्कार किया गया चल समारोह एबी रोड जैन मंदिर मार्ग झंडा चौक सरकारी कुंडी से गणपत बड़े द्वारा से होते हुए नगरपति हनुमान मंदिर से पुना चंद्रवंशी खाती समाज धर्मशाला पर पहुंचकर समापन हुआ नया बाजार स्थित हिंदू उत्सव समिति के संयोजक डॉक्टर रवि पांडे अध्यक्ष भाई राघवेंद्र सिंह सेंगर एवं मौजूद पदाधिकारी द्वारा फौजी के ऊपर पुष्प वर्षा कर स्वागत सत्कार किया गया एवं उनके पिता श्री चिंतामन मंडलोई को भी भगवा दुपट्टा उड़ा कर उनका भी स्वागत सत्कार किया गया आपको बता दें कि पूर्व पार्षद चिंतामन मंडलोई के दोनों ही पुत्र फौज में थे जिसमें बड़ा बेटे पूर्व में ही सेवानिवृत होकर घर लौट आए था एवं उनके छोटे पुत्र वीरेंद्र मंडलोई भी आज शुक्रवार को फौज में 22 वर्ष पूर्ण कर नगर आगमन हो गया निर्मित मां फौजी को खुली जीप में सवार होकर लोगों का अभिवादन करते हुए चल रहे थे वहीं मक्सी नगर की जनता ने भी देश सेवा पूर्ण कर लौटे फौजी का खूब स्वागत सत्कार किया।

# कावड़ कलश यात्राओं का नगर में हो रहा है जोरदार स्वागत मातृशक्ति पहुंच रही है बड़ी संख्या में झरनेश्वर महादेव मंदिर

**रणजीत टाइम्स**

मक्सी/शाजापुर कावड़ यात्राओं का कर्मचारी है हर जगह महाकाल बाबा भोलेनाथ की जय कारों से नगर गुंजमान हो रहा है हर तरफ कावड़ यात्रियों का आना-जाना लगा हुआ है उसी के नियमित शुक्रवार को दखनीपुर जलालपुर के मातृशक्ति ने बड़ी संख्या में सर पर कलश रखकर कलश यात्रा निकाली गई जो दखनीपुर जलालपुर से प्रारंभ होकर प्राचीन बाबा झारणेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर जला अभिषेक के पश्चात समापन हुआ आपको बता दें कि दखनीपुर जलालपुर से बड़ी संख्या में मातृशक्ति युवजन उक्त कलश यात्रा में ढोल ताशे पर बाबा के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे वहीं जगह-जगह कलश



यात्रा पर पुष्प वर्षा की गई एवं कई जगहों पर केले इत्यादि का भंडारा भी किया गया।

# पुलिस अधीक्षक मीना के द्वारा पुलिस विभाग से सेवानिवृत्ति हुए पुलिसकर्मियों को दी गई ससम्मान विदाई

कार्यक्रम में सेवानिवृत्त हुए अधिकारियो के परिवारजन सहित पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी हुए शामिल

**रणजीत टाइम्स**

खरगोन । गुरुवार को जिला पुलिस बल खरगोन मे पदस्थ डीएसपी राधेश्याम चौहान, उनि अजय सिंह चौहान, सउनि बद्रीलाल परमार, सउनि नंदकिशोर सिसोदिया, प्रधान आरक्षक विश्राम सिंह भोरे के द्वारा पुलिस विभाग मे अपना सेवा काल पूर्ण कर सेवा निर्वत्त हुए । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मराज मीना के द्वारा सेवा निर्वत्त हुए हुए पांचो पुलिसकर्मियों को अपने कार्यालय बुलाकर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे उन्हें शॉल श्रीफल, पुलिस मोमेंटम एवं ट्रॉली बैग देकर सेवा निर्वत्त



पुलिसकर्मियों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी । इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खरगोन श्रीमति शकुन्तला रुहल, रक्षित निरीक्षक सौरभ कुशवाह आदि पुलिस स्टाफ पुलिस स्टाफ एवं सेवा निर्वत्त पुलिस अधिकारियों के परिवारजन उपस्थित रहे ।

# शाजापुर जिला मुख्यालय पर शिशु स्वास्थ्य एवं विकास पर कार्यशाला सम्पन्न





## डॉ. माधवी भारद्वाज ने शिशुओं के विकास में मिथक और तथ्य विषय पर विस्तार से व्याख्यान दिया

**रणजीत टाइम्स**

शाजापुर । आज शाजापुर जिला मुख्यालय पर शिशु स्वास्थ्य एवं विकास विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया था, जिसमें दिल्ली की शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. माधवी भारद्वाज ने शिशुओं के स्वास्थ्य एवं विकास में बाधक मिथको और तथ्यो के बारे में अपने व्याख्यान में विस्तार से बताया। इस मौके पर उन्होंने जिले भर से एकत्रित हुई आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा कार्यकर्ताओं सहित प्रतिभागी महिलाओं की जिज्ञासा भरे प्रश्नों का समाधान भी किया। डॉ. भारद्वाज ने शिशुओं के पोषण पर व्याख्यान देते हुए प्राचीन समय से चल रहे मिथको एवं वर्तमान बदले हुए समय में मिथको की औचित्यता पर प्रश्न करते हुए कहा कि अब इनकी कोई आवश्यकता नहीं है। सभी माताओं को शिशुओं के पोषण एवं उनके स्वास्थ्य के बारे में सही ज्ञान होना चाहिए, सभी माताएं विज्ञान को समझे। माताओं के भोजन में पोषक तत्वों की कमी नहीं होना चाहिए, केलशियम और आयरन का उचित मात्रा में सेवन करें। नवजात को सही तरीके से स्तनपान कराएं, डिब्बाबंद आहार से दूरी बनाए। डॉ. भारद्वाज ने कार्यशाला में उपस्थित हुई महिलाओं के बच्चों के स्वास्थ्य विषय पर जिज्ञासा भरे प्रश्नो का समुचित समाधान किया।

इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने कहा कि आंगनवाड़ी एवं स्वास्थ्य केन्द्रो पर एएनसी का प्रतिशत बढ़ाना होगा। माता एवं बच्चों की देखभाल कैसे करना है, आज की कार्यशाला में विस्तार से बताया गया है, जिसे महिलाएं समझे। पिछले के मुकाबले, वर्तमान समय में काफी बदलाव आए है, तकनीकी बदल गई है, वहीं विज्ञान ने तरक्की की है, इसलिए अब बच्चों एवं माताओं के स्वास्थ्य, प्रसव आदि के लिए प्राचीन मिथको की उपयोगिता नहीं रही है। स्वास्थ्य केन्द्रो पर अच्छे संसाधन है और प्रशिक्षित अमला है। इनका उपयोग कर अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बने। भ्रांतियों से दूर रहे। सभी तरह के मौसमी फलों का सेवन करें।

इसके पूर्व डॉ. माधवी भारद्वाज का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यशाला में जिला पंचायत सीईओ श्री संतोष टैगोर, सीएमएचओ डॉ. अजय साल्विया, सिविल सर्जन डॉ. बीएस मैना, महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री संजय त्रिपाठी, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. भूदेव मेहता, डॉ. एसडी जायसवाल, डॉ. महेन्द्र परमार, डॉ. गोपाल मकवाना, डॉ. भावेश मोटवानी, सीडीपीओ सुश्री नेहा चौहान, श्री ललित कुमार राठौर, डीपीएम श्री शैलेन्द्र सोनी भी उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन डॉ. सानिया आगा ने किया। उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति डीएचओ डॉ. तेजपाल सिंह जादौन ने आभार व्यक्त किया।

# चेन्नई से रामदेवरा साइकिल यात्रा के साथ चल रहा श्वान बना आकर्षण का केन्द्र

रणजीत टाइम्स

चेन्नई /तमिलनाडु । राजस्थानी प्रवासी समाज के सदस्यों द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी चेन्नई से रामदेवरा साइकिल - संघ रवाना हुआ। मीडिया प्रभारी दिनेश सालेचा मदुराई ने बताया कि इस संघ में बाबा रामदेवजी के 11 भक्तों का संघ चल रहे हैं जो चेन्नई से रामदेवरा तक लगभग तीन हजार किलोमीटर की यात्रा कर रहे हैं। यात्रा के दौरान अचानक रहस्यमय तरीके से बेंगलूरु से एक श्वान पैदल यात्रा में शामिल हो गया। यह श्वान बेंगलूरु से कोल्हापुर की यात्रा में साथ चल रहा है और जहां संघ रुकता है वहीं वह रुक जाता है और सो जाता है। श्वान भी साइकिल यात्रा में पैदल चल रहा है बाबा के भक्त डॉ. केसरसिंह राजपुरोहित गादाणा ने मीडिया को बताया कि यह श्वान कहा से आया है और कहा तक चलेगा पता नही पर निरन्तर यात्रा में



शामिल है जहां पर यात्रीक दल का पड़ाव रहता है वहा पर रुकता है संघ की रवानगी पर वो श्वान भी साथ में चल रहा है लोगों व भक्तों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है यात्रा के संयोजक विक्रमसिंह जोधा बाबा के भक्त अशोक कुमार शर्मा, डूंगर सिंह राजपूत, जितेंद्र सिंह राजपूत, छोटू सिंह राजपूत, श्याम कचोरी, बाबू पटेल, कुशल चौधरी, राहुल कुमावत, अनूप देवासी और सहयोगी ड्राइवर गोपाल गिरी साथ में है। जहां जहां यात्रा पहुंच रही है स्थानीय प्रवासियों की ओर से शॉल माला पहनाकर स्वागत किया जा रहा है।

# सरपंच की कुर्सी पर बैठे होरी हनुमान

## फिर 20 पंचो के साथ मावता सरपंच ने ली अपने दायित्व की शपथ

रणजीत टाइम्स

पिपलौदा। श्री होरी हनुमानजी की प्रतिमा को सरपंच की कुर्सी पर बिठाया, पंचायत भवन में गंगा जल ओर गोमूत्र का छिड़काव करवाया, हनुमान चालीसा का पाठ करवाया फिर ली मावता सरपंच के दायित्व की शपथ। उक्त पूरा मामला ग्राम पंचायत मावता का है जहां सरपंच श्याम सिंह देवड़ा के साथ 20 पंचों ने सनातन संस्कृति के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना करते हुए अपने दायित्वों की शपथ ली। जनपद पंचायत अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह उपरवाड़ा ने शपथ दिलवाते हुए सरपंच के कर्तव्यों की जानकारी दी।इस अवसर पर सरपंच देवडा ने कहा कि मावता के सर्वांगीण विकास के लिए पुरी ईमानदारी से काम करते हुए जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करुंगा।



### ग्रामीणों ने सम्मान कर दी शुभकामनाएं

शपथ ग्रहण के बाद नव निर्वाचित सरपंच देवड़ा को उपस्थित जन प्रतिनिधियो एवं ग्रामीणों ने सम्मान कर शुभकामनाएं दी। जनपद प्रतिनिधि दिनेश कुमावत, सचिव बिहारीलाल आंजना, सहायक सचिव श्यामसुंदर धाकड़, पूर्व सरपंच भगवतीलाल कुमावत, पूर्व सरपंच कचरूलाल धनगर, बालक दास बैरागी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्ति पर सम्मान समारोह आयोजित



रणजीत टाइम्स

पिपलौदा। संकुल केंद्र एकीकृत शा. उमावि शेरपुर अन्तर्गत पदस्थ शिक्षक, शिक्षिकाओं के सेवानिवृत होने पर संकुल केंद्र पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। देवीलाल पाटीदार सहायक शिक्षक प्राथि गुड़रखेड़ा, श्रीमति दुर्गा बैरागी सहायक शिक्षिका प्रावि भूरीघाटी, श्रीमति प्रेमलता ग्वाले प्राथमिक शिक्षिका प्रावि मऊडीखेड़ा के सेवानिवृत होने पर शाल श्रीफल भेंटकर व साफा बांधकर सम्मानित किया गया। संकुल प्राचार्य लक्ष्मण सिंह मईडा ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के सेवाकाल की सराहना करते हुए उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। संकुल केंद्र से स्थानांतरित शिक्षिका दर्शिनी देवड़ा तथा पुष्पा यादव एवं शिवनारायण पाटीदार का भी संकुल केंद्र की और से शाल श्रीफल तथा पुष्पहारों से स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन राहुल मोरी ने किया तथा आभार दुर्गा चौधरी ने व्यक्त किया । इस अवसर पर नरेंद्र सिंह राठौर, शांतिलाल डामोर, अनीताकुमावत, सुभाष चंद्र व्यास, विजेंद्रसिंह राणावत, रेखा वोरा, पुष्कर पाटीदार, माधुलाल परमार, तरुणबाला ग्वाले, शीतल राठौर, प्रियंका जैन, प्रतीक शर्मा सहित विद्यालयीन स्टाफ़ तथा वरिष्ठ ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# किसानो की माँगो को लेकर कृषि मंत्री से मिले प्रदेश अध्यक्ष कवि देव सिंह गुर्जर

रणजीत टाइम्स

उज्जैन/खाचरोद । भारतीय किसान यूनियन मंच के प्रदेश अध्यक्ष कवि देव सिंह गुर्जर ने किसानों की मांगों और समस्याओ को लेकर तथा खरीफ (सोयाबीन मक्का आदि) की फसल को विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी एम एस पी पर



ख़रीदने की माँग को लेकर कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंशाना जी से मुलाक़ात कर विस्तृत जानकारी सौंपी । साथ ही नागदा में स्थापित ग्रेसिम उद्योग द्वारा गोपनीय तरीक़े से चम्बल नदी में छोड़े जा रहे कैमिकल युक्त अपशिष्ट के सम्बन्ध में तथा जिसके कारण प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही किसानो की ख़राब भूमि और उत्पादन की भी विस्तृत जानकारी सौंपी तथा ग्रेसिम प्रबंधन द्वारा प्रभावित गाँव के लिये किए गए उन घोषणाओं और वादों पर प्रबंधन आज खरा नहीं उतर रहा है जिससे ग्रामीणो को उनका उचित हक नहीं मिल पा रहा है। जिस पर कृषि मंत्री जी ने जल्द ही संज्ञान लेने के लिए आश्वस्त किया।

# सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री अभय मनोहर सप्रे कर रहे हैं भोपाल में ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण

## सड़कों की मरम्मत, अतिक्रमण हटाने और सुधार कार्यों को मिल रहा है न्यायमूर्ति सप्रे का निर्देश

रणजीत टाइम्स

भोपाल । सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री अभय मनोहर सप्रे इस समय अपने भोपाल प्रवास के दौरान शहर के चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण कर रहे हैं। वे स्थल-स्थल पर पहुंचकर सुधार कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं और संबंधित अधिकारियों को कार्यों में गति लाने तथा इन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दे रहे हैं। प्लेटिनम प्लाजा से भ्रमण की शुरुआत करते हुए वे दुर्घटनाओं के कारणों, मृतकों की संख्या और वर्तमान स्थितियों की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। यहां वे अतिक्रमण हटाने और ब्लैक स्पॉट



को जल्द से जल्द समाप्त करने के निर्देश भी दे रहे हैं। इसके पश्चात वे तरुण पुष्कर इंटरसेक्शन पहुंच चुके हैं, जहां वे यातायात की सहजता हेतु लेफ्ट टर्न की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दे रहे हैं। 1250 चौराहा क्षेत्र में भी वे निरीक्षण कर सुधार की आवश्यकता वाले बिंदुओं पर अधिकारियों से तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित कराने को कह रहे हैं। कोर्ट चौराहा (पर्यवास इंटरसेक्शन) पर निरीक्षण कर ब्लैक स्पॉट का निराकरण करने के निर्देश दिये ।

# स्वास्थ्य एवं सुंदरता

## घरेलू नुस्खों से चमकेगा चेहरा और मिलेगा अच्छा स्वास्थ्य!



**हर कोई चाहता है कि वह हमेशा खूबसूरत और स्वस्थ दिखाई दे। यही कारण है कि आजकल लोग घरेलू और आयुर्वेदिक नुस्खों की ओर अधिक झुकाव दिखा रहे हैं।**

### चेहरे की देखभाल के घरेलू उपाय

1 रात को चेहरा सिर्फ पानी से धोएं, साबुन का प्रयोग न करें।
2 रोज रात को केवल नारियल तेल से हल्की मालिश करें।
3 यदि चेहरे पर चिकनाई महसूस हो तो 15 मिनट बाद हल्के गुनगुने पानी से धो लें।
4 नियमित रूप से 3 महीने तक ऐसा करने से चेहरे पर अद्भुत निखार आ जाएगा। यदि यह आदत बना ली जाए तो पार्लर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। चेहरा चमकने लगेगा और त्वचा कोमल बनेगी।
साबुन का अधिक प्रयोग त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है, इसलिए उसकी जगह उबटन का उपयोग करें।

### आयुर्वेद – सरल और प्रभावी चिकित्सा

आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा बीमारियों को रोकने और उनसे बचने का सबसे सरल तरीका है। हमारे आस-पास ही ऐसे औषधीय पेड़-पौधे हैं जो स्वास्थ्य का खजाना हैं, बस उनका सही उपयोग करना जरूरी है।

काढ़ा – ऐसा शब्द जिसे सुनते ही लोग मुंह बना लेते हैं, लेकिन यही काढ़े स्वास्थ्य के लिए अमृत समान होते हैं। नीम, मुलेठी, अमलतास, गिलोय, गुड़, तुलसी और हल्दी जैसे तत्व शरीर को रोगमुक्त बनाते हैं।

### औषधि लेने का सही तरीका

अक्सर लोग दवाइयां लेने से कतराते हैं, लेकिन अगर घरेलू दवाइयों को जूस, सब्जी, लड्डू, पारा या चटनी के रूप में प्रस्तुत किया जाए तो लोग इन्हें स्वाद लेकर खाएंगे और बिना झिझक स्वस्थ रहेंगे।

### विशेषज्ञ हेमाजैन का कहना है:

"यदि लोग घरेलू नुस्खों को अपनाएं तो कई बीमारियों से बचा जा सकता है। बस यह ध्यान रखें कि किसी भी औषधि का सेवन सीमित मात्रा में और सही विधि से करें।

निष्कर्षः यदि आप सुंदर और स्वस्थ रहना चाहते हैं तो महंगे पार्लर और केमिकल उत्पादों से बचें। आयुर्वेदिक नुस्खों को अपनाएं, नियमित दिनचर्या का पालन करें और उबटन व नारियल तेल मालिश जैसे प्राकृतिक उपायों को जीवन का हिस्सा बनाएं। प्राकृतिक नुस्खों से पाए स्वस्थ शरीर और चमकता चेहरा!

# गोटूलाल जी का कार्यकाल पूर्ण, धूमधाम से हुआ विदाई समारोह



**राजेश धाकड़**

इंदौरः संयुक्त संचालक कार्यालय इंदौर में कार्यरत गोटूलाल जी का कार्यकाल सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उच्च अधिकारीगण, सहकर्मी और स्टाफ सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे और गोटूलाल जी को उनके उत्कृष्ट कार्य और समर्पण के लिए सम्मानित किया। गोटूलाल जी की प्रथम नियुक्ति 6 सितंबर 1991 को संयुक्त संचालक कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में हुई थी। तत्पश्चात उन्हें पदोन्नति प्राप्त हुई और आईटीआई मानपुर में सहायक ग्रेड-3 के पद पर सेवाएं दीं। वर्ष 2010 में उनका स्थानांतरण महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान इंदौर में हुआ, जहां उन्होंने अपनी निष्ठा और मेहनत से कार्य को नई दिशा दी।

इसके बाद 1 जनवरी 2015 को वे संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में पदस्थ हुए और वर्ष 2023 में पुनः उनका स्थानांतरण संयुक्त संचालक कौशल विकास इंदौर में हुआ। अपने पूरे कार्यकाल में गोटूलाल जी ने विशेष रूप से इंदौर-उज्जैन संभाग के न्यायालयीन प्रकरण एवं स्थापना विभाग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपने कार्यकाल के दौरान गोटूलाल जी को उच्च अधिकारियों एवं संयुक्त संचालक महोदय से निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग प्राप्त हुआ। श्री कप्तान सिंह सोलंकी एवं संजय शर्मा के नेतृत्व में गोटूलाल जी ने अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा से किया। गोटूलाल जी 31 जुलाई 2025 को सेवानिवृत्त हुए। विदाई समारोह के दौरान उन्हें सहकर्मियों ने भावभीनी विदाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य एवं स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं।

## "नो हेलमेट, नो पेट्रोल"

# सख्ती लागू

इंदौर। इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने सड़क सुरक्षा को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। अगस्त 2025 से दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं मिलेगा। यह आदेश ऑनलाइन जारी होते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया और लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया।



## इंदौरः 35 वर्षीय शैलेन्द्र गौर 4 दिन से लापता, परिवार ने प्रशासन से लगाई गुहार



इंदौर। मानवता नगर, कनाडिया रोड, इंदौर के रहने वाले और वर्तमान में ग्राम सतवास में निवास करने वाले 35 वर्षीय शैलेन्द्र गौर 27 जुलाई 2025 को सुबह 11 बजे अपने गांव से इंदौर आए थे। परिवार के अनुसार, वे हमेशा की तरह अपने व्यापार में लगने वाला सामान लेने इंदौर आए थे। 28 जुलाई 2025 को सुबह 9 बजे उनकी पत्नी सोनिका गौर ने फोन किया तो मोबाइल बंद मिला। उसके बाद से शैलेन्द्र ने न तो घर पर संपर्क किया और न ही उनका फोन चालू हुआ है। परिवार ने बताया कि शैलेन्द्र मानवता नगर स्थित अपने घर से लापता हुए हैं। वे टू व्हीलर गाड़ी पर आए थे, लेकिन उसके बाद से न तो घर लौटे और न ही उनका कोई पता चला। परिजनों का कहना है कि उनका कोई भी सुराग नहीं मिल रहा है। शैलेन्द्र गौर के पिता, जो कि एक शासकीय कर्मचारी रह चुके हैं और वर्ष 2022 में सेवानिवृत्त हुए थे, इस घटना से बेहद परेशान हैं। परिवार ने हर जगह तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। 31 जुलाई 2025 को कनाडिया थाना पुलिस में गुमशुदगी रिपोर्ट (नंबर 0104/2025) दर्ज कराई गई है।

### परिवार की अपील:

» "हम प्रशासन से हाथ जोड़कर अपील करते हैं कि शैलेन्द्र को जल्द से जल्द खोजा जाए। यदि किसी को भी उनके बारे में कोई जानकारी हो तो तुरंत हमें या पुलिस को सूचना दें।"

### संपर्क नंबर:

99779-19833-- 91117-01115 पुलिस ने बताया कि मामले में जांच चल रही है और शैलेन्द्र की तलाश में अलग-अलग टीमें भेजी गई हैं।

# देहबुद्धि से आत्मबुद्धि में स्थित होने की कला सिखाता है सहजयोग

**यदा संहरते चायं कूर्मोऽङ्गानीव सर्वशः।इन्द्रियाणीन्द्रियार्थेभ्यस्तस्य प्रज्ञा प्रतिष्ठिता ॥**

परमपूज्य श्री माताजी प्रणित सहजयोग अपने जीवन को सर्वांगसुंदर बनानेवाला एक अनुभुतिजन्य ध्यानाविष्कार है, जिसे विश्व का कोई भी व्यक्ति, जो अध्यात्मिकता की खोज कर रहा हो, अपने अराध्य को पाने के लिये धर्मग्रंथों का पठन कर रहा हो, मंदिरों में जाकर विविध प्रकार की पूजायें अर्पित कर रहा हो, उसे यह योग प्राप्त होता है । सहज योग एक 'सत्ययोग' है , इसलिये सभी सत्य के साधक जो 'परम' को पाना चाहते हैं, और उस परम को पाने की ललक में तीर्थयात्रायें कर रहे हैं, व्रतवैकल्यों का अनुसरण कर रहे हैं उन्हें अपनी अंतरात्मा से पूछना पड़ेगा कि, क्या मुझे अंतरंग परमात्मा के परमानंद की अनुभूति प्राप्त हुई ? अगर आपका उत्तर सकारात्मक है, तो उपरोक्त श्लोक मे वर्णित कूर्म जैसे आप अपने पंच ज्ञानेंद्रीयों को अंतरात्मा में स्थापित कर, बाहर की सभी नकारात्मकता से स्वयं को बचाकर, निरानंद का आनंद उठा पा रहे हैं? यदि नहीं तो सहजयोग आपकी राह देख रहा है । परमपूज्य श्री माताजी कहते हैं कि, आप आत्मा को पाये बगैर परमात्मा को प्राप्त नहीं कर सकते । और अपने हृदयस्थित आत्मा को पाने के लिये आपको हृदय में विनम्रता का भाव धारण कर श्री आदी शक्ति से अपना आत्मसाक्षात्कार माँगना होगा, जब आपका योग घटित होगा तब आपके पिंड में स्थित कुंडलिनी माता उर्ध्वगामी होकर आपके सहस्त्रार का भेदन कर ,आपको शीतल चैतन्य लहरियों का स्नान करा देगी । और इस आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति के बाद जिस प्रकार आप आईने में अपने



मुखमंडल का अवलोकन करते हैं उसी प्रकार आप अपने आत्मारूपी आईने से अपने अंतरंग को मलीन करने वाले षड् रिपुओं को देख सकेंगे । जब आप आपने अंदर के दोषों को देख सकेंगे तो पूरी इमानदारी से उसे धोने की कोशिश करेंगे और इसके उपरांत आप एक बच्चे जैसे बन जायेंगें, बच्चों में अपने पराए का भाव नहीं होता, वे सभी को अपना समझते हैं, उसी प्रकार की अबोधिता एक आत्मसाक्षात्कार प्राप्त साधक में होनी चाहिये। श्री माताजी कहते हैं कि, भगवान श्रीकृष्ण हमारे विशुद्धि चक्र पर विराजमान हैं, नियमित ध्यान से जब हमारा विशुद्धि चक्र स्वच्छ होता है, तो वह चक्र हमे वाणी मधुरता, सामुहिकता, साक्षीभाव प्रदान करता है । श्रीकृष्ण हमें अनेक शक्तियों से आशीर्वादित करते हैं। ध्यान करने वाले समूह के सहस्त्रार से उत्सर्जित सामूहिक चैतन्य लहरीयों से अपने व्यक्तिगत, सामाजिक ही नहीं वैश्विक प्रश्न भी हल किये जा सकते हैं । श्रीकृष्ण की इसी शक्ति के कारण हम सभी सत्य के साधकों तक अपनी वाणी, लेखनी और ध्यान के माध्यम से पहुँच सकते हैं और उन्हें उनके जीवन का महानतम उपहार अर्थात आत्मसाक्षात्कार प्रदान कर सकते हैं।

उपरोक्त वर्णित भगवद्गीतासे लिया गया जो श्लोक है उसका अर्थ यह है कि जिस प्रकार कूर्म ('कासव') जब उसके उपर कोई संकट आता है तो अपने अवयव कवच के अंदर खींच लेता है और अपने आपको बचाता है , उसी प्रकार आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति नकारात्मकता से खुद को बचा सकता है। वह तत्क्षण देह बुद्धि से आत्मबुद्धि में स्थित हो जाता है, भगवान के साम्राज्य में चला जाता है, जहाँ कोई भी विनाशकारी शक्ति उसका बाल भी बांका नहीं कर सकती । यह श्रीकृष्ण की शक्ति का सबसे बड़ा आशीर्वाद है, जिसे प्रत्येक साधक प्राप्त कर सकता है। तो आइये सहजयोग सीखते हैं। सहजयोग की जानकारी टोल फ्री 18002700800 से तथा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

## जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

**"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!**

**बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो**

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

**भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278**

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स